# गोरखपुर विश्वविद्यालय में सैमसंग इनोवेशन कैंपस समारोह में मुख्यमंत्री देंगे 350 छात्रों को प्रमाणपत्र

## विश्वविद्यालय और सैमसंग के बीच सहयोग से भविष्य की तकनीकी कौशलों में युवाओं को सशक्त बनाने की पहल :एआई, कोडिंग, बिग डेटा और आईओटी में प्रशिक्षित छात्रों को प्रमाण पत्र वितरण

**गोरखपुर:** दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय द्वारा 21 सितम्बर को आयोजित एक भव्य समारोह में 350 छात्रों को उन्नत तकनीकी कौशलों में प्रशिक्षण के लिए प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे।

विद्यार्थियों को यह प्रशिक्षण गोरखपुर विश्वविद्यालय और सैमसंग के बीच समझौता ज्ञापन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस एमओयू के अंतर्गत प्रशिक्षण सैमसंग इनोवेशन कैंपस पहल के तहत दिया गया है।

इस समारोह में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ होंगे। माननीय मुख्यमंत्री द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), कोडिंग और प्रोग्रामिंग, बिग डेटा और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्राप्त छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए विश्वविद्यालय और सैमसंग की महत्वपूर्ण पहल है जिसके माध्यम से छात्रों को भविष्य की अत्याधुनिक तकनीकी क्षमताओं से लैस किया जा रहा है। इस साझेदारी के अंतर्गत, विश्वविद्यालय का उद्देश्य अपने छात्रों को उन कौशलों से सुसज्जित करना है जो भविष्य के रोजगार बाजार में अत्यधिक मांग में हैं और जो उन्हें आत्मनिर्भर बना सकें।

### युवाओं के कौशल विकास को लेकर उत्तर प्रदेश की प्राथमिकता

उत्तर प्रदेश में कौशल विकास की महत्ता को लेकर माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह दृष्टिकोण है कि राज्य के युवा रोजगारोन्मुखी कौशल प्राप्त करें और उन्हें भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए सशक्त बनाया जाए। ऐसे कार्यक्रम राज्य के युवाओं को न केवल रोजगार योग्य बनाएंगे, बल्कि डिजिटल क्रांति में उनकी भूमिका को भी मजबूत करेंगे।

### विश्वविद्यालय कौशल विकास के प्रति प्रतिबद्ध

इस कार्यक्रम के आयोजन में विश्वविद्यालय की विशेष भूमिका के बारे में चर्चा करते हैं कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कहा, “हमारा विश्वविद्यालय हमेशा से उद्योग-उन्मुख शिक्षा के प्रति समर्पित रहा है, और सैमसंग इनोवेशन कैंपस के साथ हमारा यह सहयोग हमारे छात्रों को भविष्य की तकनीकी चुनौतियों और अवसरों का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार करेगा।”

### सम्मान और प्रोत्साहन

समारोह के दौरान प्रत्येक क्षेत्र में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों को 1 लाख रुपये की नकद राशि और सैमसंग के विशेष उत्पाद, जैसे कि गैलेक्सी बड्स और स्मार्टवॉच, प्रदान किए जाएंगे। साथ ही, इन छात्रों को सैमसंग की दिल्ली/एनसीआर में स्थित सुविधाओं का दौरा करने का अवसर मिलेगा, जहाँ वे सैमसंग की नेतृत्व टीम से मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे।

**सैमसंग इनोवेशन कैंपस: डीडीयूजीयू का महत्वपूर्ण सहयोग**

सैमसंग इनोवेशन कैंपस का उद्देश्य युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, बिग डेटा और कोडिंग एवं प्रोग्रामिंग जैसे अत्याधुनिक तकनीकी कौशल प्रदान करना है। इस कार्यक्रम के तहत, सैमसंग ने पूरे भारत में 3,500 छात्रों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा है, जिसमें गोरखपुर, लखनऊ, दिल्ली/एनसीआर, तमिलनाडु और कर्नाटक जैसे प्रमुख स्थान शामिल हैं।

विश्वविद्यालय के साथ इस समझौते के तहत, छात्रों को प्रशिक्षक-नेतृत्व वाले कक्षाओं के माध्यम से उच्च गुणवत्ता का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके साथ ही, छात्रों को कैपस्टोन प्रोजेक्ट्स, हैकाथॉन और सॉफ्ट स्किल्स प्रशिक्षण के जरिए व्यावहारिक अनुभव प्रदान किए जा रहे हैं, जो उनकी रोजगार क्षमता को बढ़ावा देने में सहायक होंगे।

इस पहल के साथ गोरखपुर विश्वविद्यालय और सैमसंग एक साथ मिलकर युवाओं को सशक्त बनाने और भारत के डिजिटल भविष्य में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठा रहे हैं।